विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव,मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सख्या-7 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 7(क) क्या इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज तथा झांसी मण्डल में छात्रों को इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी की शिक्षा प्रदान किये जाने के संबंध में क्या-क्या सुविधाएं हैं ? | प्रयागराज तथा झांसी मण्डल में छात्रों को इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी की शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का कोई तकनीकी संस्थान / विश्वविद्यालय संचालित नहीं है। प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार उनके अधीन संचालित संस्थानों के माध्यम से प्रयागराज एवं झांसी मण्डल में छात्रों को इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी की विधा में बी0टेक एवं एम0 टेक पाठ्यक्रम में शिक्षा प्रदान की जा रही है। |
| (ख) उक्त सुविधाओं का विस्तार करते हुए उपरोक्त मण्डलों में पर्याप्त सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान बनाये जाने के संबंध में कोई कार्य योजना है? | उपरोक्त मण्डलों में इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान बनाये जाने के संबंध में वर्तमान में कोई कार्ययोजना नहीं है। |
| (ग) यदि हॉ, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगेन्द्र उपाध्याय
मंत्री
आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग।